122
6/9/12

खण्ड– 5 संख्या– 9,10

# नवम्

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## भाग –1

## कार्यवाही प्रश्नोत्तर

सत्यमेव जयते

मंगलवार, दिनांक 02 सितम्बर, 1986 ई०

बुधवार, दिनांक 03 सितम्बर, 1986 ई०

दिन उसका उत्तर दे ।

**श्री राधाकृष्ण किशोर :** अध्यक्ष महोदय, मेरी व्यवस्था का प्रश्न है। व्यवस्था का प्रश्न यह है कि बिहार राज्य-पथ-परिवहन निगम की हालत बहुत खराब है । इसलिए इसपर स्पेशल डीबेट किया जाय ।

**अध्यक्ष :** माननीय सदस्यों को तो अधिकार है कि नियम के तह्त आप डीबेट की मांग करें और उसपर विचार किया जायेगा ।

## श्रीमती मिश्रा का स्थानान्तरण :

17. **श्री ऋषिकेश तिवारी :** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि श्रीमती गौरी मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षिका वर्ष 1972 से एक ही जगह मधुबनी जिला में पदस्थापित हैं;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त पदाधिकारी के विरुद्ध वर्ष 1981 में ही वहाँ के स्थानीय लोगों ने निगरानी विभाग एवं निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को आवेदन दिये हैं, जिसमें उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप हैं;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार

---

**पाद टिप्पणी :** प्रश्न कर्त्ता सदस्य श्री समरेश सिंह की अनुपस्थिति में श्री सत्यनारायण दुदानी के अनुरोध पर अ०म० के आदेश से अ० सू० 16 पूछा गया ।

श्रीमती मिश्रा के विरुद्ध लम्बित मामलों की जाँच करते हुए उनका वहाँ से शीघ्र स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

**श्री सुरेन्द्र प्रसाद तरूण :** 1. उत्तर स्वीकारात्मक है ।

2. इस संबंध में वस्तुस्थिति यह है कि श्रीमती मिश्रा के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने निगरानी विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप के संबंध में आदेश दिये गये हैं, इसकी सूचना विभाग को नहीं है । निगरानी विभाग से इसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है। निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को इस प्रकार का आरोप प्राप्त नहीं है ।

3. निगरानी विभाग में यदि कोई मामला साबित होगा तो उसकी जाँच शीघ्र करायी जायगी । इन्हें एक माह में स्थानान्तरित कर दिया जायगा।

**श्री सोनाधारी :** अध्यक्ष महोदय, अल्प-सूचित प्रश्न संख्या –17 बिल्कुल व्यक्तिगत प्रश्न है और आज तक इस तरह के व्यक्तिगत प्रश्नों की स्वीकृति नहीं हुई, यह कैसे स्वीकार कर लिया गया ? यह नियमापत्ति है ।

**अध्यक्ष :** सबसे बड़ी नियमापत्ति यह है कि आप इस बात को यहाँ उठा रहे हैं । आप बैठे जाईये, कृपया स्थान ग्रहण कीजिए और यह परिपाटी बंद कीजिए ।

**श्री राजो सिंह :** इतने दिन हो गये तो अभी क्यों नहीं स्थानान्तरण किया गया, एक महीना क्यों ?

**श्री सुरेन्द्र प्रसाद "तरूण" :** समय एक महीना का है, इसके पहले भी

कर दिया जायेगा ।

**श्री सूर्य नारायण यादव :** मैं जानना चाहता हूँ कि 1972 से पदस्थापित थे तो क्यों नहीं स्थानान्तरण किया गया । 1972 से अभी तक एक ही स्थान पर पदस्थापित हैं तो आज स्थानान्तरण करके क्यों नहीं जवाब दिये गये ?

**श्री सुरेन्द्र प्रसाद "तरूण" :** एक ही पद पर नहीं थे, विभिन्न पदों पर थे।

## तारांकित प्रश्नोत्तर :

## अधूरे भवन का निर्माण :

325. **श्रीमती उषा सिंह :** क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर में पदस्थापित विभागीय कार्यपालक अभियंता ने सरैया प्रखण्ड में बन रहे बालिका विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य विगत तीन महीनों से बंद कर दिया है, यदि हाँ, तो इसका कारण क्या है तथा सरकार उक्त अधूरे भवन का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

**श्री सुरेन्द्र प्रसाद "तरूण" :** मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत सरैया प्रखण्ड में बन रहे बालिका विद्यालय के भवन निर्माण का कार्य ग्रामीण भूमिहीन नियोजन गारन्टी कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जा रहा है।

**श्री रमेन्द्र कुमार :** यह स्थगित प्रश्न है और उसी उत्तर को पढ़ा जाय जिसपर यह स्थगित हुआ था ।